निरीक्षण प्रतिवेदन

आज दिनांक: 13.03.2020 को अनुमण्डल दण्डाधिकारी, खूँटी के ज्ञापांक: 119 दिनांक: 06.03.2020 के आलोक में केन्द्रीय विद्यालय, तूती, खूँटी के भवन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय निम्नलिखित पदाधिकारी उपस्थित थे –

1. श्री भोला प्रसाद अग्रवाल – कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, खूँटी
2. श्री प्रेमनाथ राम – कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी
3. श्री महाराणा प्रताप सिंह – सहायक अभियंता, भवन अवर प्रमण्डल, खूँटी
4. श्री सिकेन्द्र साहु – सहायक अभियंता, ग्रामीण विकास विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी
5. श्रीमति रेखा मिंज – प्राचार्या, केन्द्रीय विद्यालय, खूँटी
6. श्री सबीर हुसैन – सीनियर सेकरेटरी असिस्टेंट, केन्द्रीय विद्यालय, खूँटी
7. श्री नितीन कुमार शर्मा – जुनियर सेकरेटरी, केन्द्रीय विद्यालय, खूँटी

वर्तमान में केन्द्रीय विद्यालय, खूँटी का संचालन आई०टी०आई० भवन, तुतटोली, ऐरण्डा, खूँटी में चल रहा है एवं वर्तमान में सात क्लास तक की पढ़ाई हो रही है। निरीक्षण के दौरान प्राचार्या महोदया द्वारा जानकारी दिया गया कि इस भवन का निर्माण वर्ष 2009–2011 के समय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, राँची के द्वारा कराया गया था एवं वर्तमान में इस भवन का निर्माण से सम्बंधित कोई नक्शा उपलब्ध नहीं है।

यह भवन दो तल का है। भूतल में बहुउदेशीय हॉल, प्राचार्या का कक्ष एवं कार्यालय का कक्ष के अलावे एक क्लास रूम है। प्रथम तल में 6 क्लास रूम, एक पुस्तकालय, एक कम्प्यूटर लैब है। इस भवन में दो सीढ़ी तथा भूतल में प्रवेश लॉबी है।

निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि बाहर से भवन ठीक प्रतीत होता है। दिवार में कहीं–कहीं Minor crack तथा कुछ स्थानों में मामूली सिपेज है। प्रथम तल में भी कुछ दिवार में मामूली क्रेक है तथा कुछ स्थानों में सिपेज है। छत की स्थिति ठीक है एवं छत साफ–सुथरा था।

भवन का बाहर से अवलोकन करने पर भवन की स्थिति ठीक लगा। चूँकि इस भवन 2017 से केन्द्रीय विद्यालय संचालित हो रहा है एवं किसी तरह का भवन में कोई कठिनाई नहीं हुई है इसलिए अगामी 1–2 वर्ष में भी इसकी संरचना का फेल होने की सभावना प्रतीत नहीं होता।

13.03.2020
श्री सिकेन्द्र साहु
सहायक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष
प्रमण्डल, खूँटी।

13-3-2020
श्री महाराणा प्रताप सिंह
सहायक अभियंता, भवन अवर प्रमण्डल
खूँटी।

13/3/2020
श्री प्रेमनाथ राम
कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विभाग
कार्य प्रमण्डल, खूँटी।

13/3/2020
श्री भोला प्रसाद अग्रवाल
कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल
खूँटी।